# एयर रिलीस वाल्व के बारे में कुछ आम

# सवाल तथा जानकारी !

**सवाल 1 - एयर रिलीस वाल्व का उपयोग क्यों किया जाता है ?**

**जवाब** हर सिंचाई प्रणाली में पाइप होते हैं जो अपने स्रोत से पानी को अपने गंतव्य तक ले जाते हैं इस प्रक्रिया में अक्सर अनियमित जल स्तर के कारण हवा पानी की पाइपलाइन में फ़स कर पानी के प्रवाह को प्रभावित करती है इसलिए इस समस्या को दूर करने के लिए एयर वाल्व का उपयोग किया जाता हैं।

**सवाल 2 - एयर वाल्व कैसे कार्य करता हैं ?**

**जवाब** यह अंदरूनी लीवर तंत्र के कारण होता है जो फ्लोट के बल को बढ़ाता है और जब भी हवा सिस्टम में फंस जाती है तो यह यह बल आगे की ओर वेंट को खोल देता हैं ।

**सवाल 3 - यह कहाँ स्थापित किया जाना चाहिए ?**

**जवाब** पाइप लाइन पर हमेशा एयर वाल्व को सुविधाजनक स्थान पर 6" से 12" तक के राइज़र पर लंबवत ही एयर वाल्व स्थापित करना चाहिए।

**सवाल 4 - अगर एयर वाल्व लगाने पर भी PVC की पाइपलाइन टूट जाती है ?**

**जवाब** यह बहुत संभावना है कि हवा एक जगह जमा हो जाने पर पानी आगे निकलने के लिए अधिक उछाल या मार के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करेगा और जिसके कारणवश पानी की पाइपलाइन टूट सकती हैं इसलिए सिस्टम की जाँच करे तथा उचित स्थान पर एयर रिलीस वाल्व को लगाए और यह भी जाँच करें कि क्या फ्लोट ब्लॉक है या नहीं।

**सवाल 5 - एयर वाल्व पाइप लाइन से पर्याप्त मात्रा में एयर नहीं छोड़ रहा है ?**

**जवाब** यह गलत स्थापना या एयर रिलीज वाल्व के गलत चुनाव के कारण भी हो सकता है इसलिए एयर रिलीज वाल्व को पाइपलाइन के उचित स्थान उचित एयर वाल्व को ही राइज़र पर स्थापित करें जहां हवा स्वाभाविक रूप से इकट्ठा होती है।

**सवाल 6 - एयर वाल्व में से एयर की जगह पानी निकल रहा है इसकी क्या कारण हैं ?**

**जवाब** एयर वाल्व में से एयर की जगह पानी निकलने के निम्नलिखित कारण हो सकते है।

- जब लाइन में प्रेशर 0.5 से कम होता है तब उस अवस्था में एयर वाल्व में से एयर की जगह पानी या लीकेज की होने की सम्भावना बढ़ जाती है।
- यदि एक एयर वाल्व को सीधे लाइन में लगाया जाता है तब भी ऐसी समस्या आती हैं
- यह गलत स्थापना या एयर रिलीज वाल्व के गलत चुनाव के कारणभी हो सकता है।

**सवाल 7 - अपने पाइपलाइन सिस्टम के लिए उचित एयर वाल्व के साइज़ का चयन कैसे करें ?**

**जवाब** एयर वाल्व के साइज़ का चयन करते सबसे पहले यह सुनश्चित करे की एयर का प्रवाह कितना है और उस प्रवाह का प्रेशर कितना है तथा यह भी सुनश्चित करे की कहीं एयर वाल्व पानी के प्रवाह के निश्चित बहाव से पहले तो बंद नहीं हो रहा या रिसाव तो नहीं हो रहा अन्यथा इसका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

**सवाल 8 - सिस्टम में लगे एयर वाल्व का कितनी बार निरीक्षण करना चाहिए?**

**जवाब** एयर वाल्व का रखरखाव तो नियमित करना ही चाहिए परन्तु छः महीने में कम से कम एक बार पूर्ण रूप से निरिक्षण उपयोगकर्ता को करना ही चाहिए नहीं तो एयर वाल्व के प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ता है जैसे फ्लोट का जाम होना व गन्दगी का जमा होना।

**सवाल 9 - क्या सिस्टम में एयर वाल्व लगाना अनिवार्य है।**

**जवाब** अपने सिस्टम की पाइपलाइनों को टूटने फूटने से बचाने के लिए यह अति आवश्यक है क्युकी हवा आमतौर पर पानी की पाइपलाइनों में जाकर फंस जाती है जिससे चलती लाइन में पानी की रूकावट से उसके प्रेशर द्वारा अचानक असाधारण प्रभाव होने से नुकसान भी हो सकता है।